तापमान
अधिकतम 23.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 20 दिसंबर 2023

13 118 छात्रों ने जैतखाम व सबरी मंदिर का दर्शन लाभ लिए

14 जयंती के पूर्व नगर में निकाली गई सतनाम शोभायात्रा

संविदा भर्ती में गड़बड़ी : 20 अंक के साक्षात्कार में मिले 23 नंबर

आत्मानंद स्कूल में संविदा भर्ती का मामला, चयनित आवेदक आर्डर के लिए लगा रहा विभाग का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला में इस वर्ष आत्मानंद विद्यालय में संविदा शिक्षक भर्ती के दौरान गजब का खेल जारी है। यदि इस मामले की उच्च स्तर पर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों को ताक पर रखकर की गई गड़बड़ी का खुलासा हो सकता है। इस मामले में पीड़ित लोगों का कहना है कि सम्पूर्ण मामले को जिला प्रशासन के संज्ञान में लाने के बावजुद अब तक न्याय ▶▶ शेष पेज 13 पर

- आवेदक को विभाग गोलमोल जवाब देकर लौटा रहा, जिलाधीश से शिकायत भी काम नहीं आयी

जानकारी नहीं

पूर्व डीईओ के पास है फाइल आत्मानंद विद्यालय में संविदा शिक्षक भर्ती से संबंधित कोई भी फाइल व जानकारी मेरे पास नहीं है। अभी भी फाइल पूर्व में जिलाशिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत श्री शर्मा के पास है, वहीं इस मामले में जानकारी दे सकते हैं।
-**बीएल देवांगन**, जिलाशिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार

समय पर जानकारी ही नहीं दी गई

आत्मानंद स्कूल ग्राम ओड़ान विकासखंड पलारी के लिए कला संकाय हेतु चयनित अभ्यर्थी उमाशंकर साहू निवासी ग्राम हरिनभंट द्वारा बताया गया है कि विभाग द्वारा अपलोड की गई सूची में 6 अक्टूबर 2023 की तारीख लिखे होने के बावजुद उसे 9 अक्टूबर 2023 को अपलोड किया गया, जिसमें 6 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक संबंधित शाला में पहुंचकर ज्वाइन करने का समय दिया गया। इसके बाद वह लगातार ज्वाइनिंग आदेश की प्रति लेने के लिये चक्कर काटता रहा, लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ज्वाइनिंग आदेश की प्रति निर्धारित अवधि के भीतर उपलब्ध कराने की बजाय आचार संहिता का हवाला देकर घुमाया गया। आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात 4 दिसंबर को उसे ज्वाइनिंग ▶▶ शेष पेज 13 पर

वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती

जिला के विभिन्न अंग्रेजी माध्यम वाले आत्मानंद स्कूल में सविदा शिक्षकों के 123 रिक्त पदों की भर्ती के लिए कलेक्टर कार्यालय से 13 सितंबर को विज्ञापन जारी किया था,। जिसमें वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती किये जाने शैक्षणिक योग्यता में 80 प्रतिशत और इंटरव्यू में 20 प्रतिशत मिलाकर 100 अंक के हिसाब से मेरिट सूची बनाई गई थी। परीक्षा में लगभग 5000 अभ्यार्थी शामिल हुए थे। जब मेरिट सूची बनी तो चयनित सूची पर शुरू से सवाल खड़ा हो गया था।

खबर संक्षेप

पिता के साथ झगड़ा करने से रोकने पर पीटा

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने में एक युवक ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्णा भोई ने महेंद्र तथा उमा भोई के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कृष्णा ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उमा अपने पिता के साथ झगड़ा कर रहे थे। इस दौरान वह बीच-बचाव करने पहुंचा तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की।

आपसी रंजिश पर रास्ते में रोककर मारपीट

रायपुर। पंडरी थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कापा निवासी तुलाराम टंडन ने शिवकुमार बंजारे तथा सतीश बंजारे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। तुलाराम ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक आपसी रंजिश के चलते उसे रास्ते में रोक लिए तथा उसके साथ मारपीट की।

गाली-गलौज से मना करने पर पिटाई

रायपुर। खम्हारडीह थाने में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिंकी चेलक ने गोपो तथा बबलू रात्रे के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। रिंकी ने पुलिस को बताया कि गोपो और उसका साथी उसके जेठ के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। इस दौरान महिला ने दोनों को गाली-गलौज करने से मना किया तो बदमाशों ने महिला के साथ मारपीट की।

गैस सिलेंडर वापस मांगने पर मां-बेटी को पीटा

रायपुर। आरंग थाने में एक महिला ने दो लोगों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमरौतीन आवड़े ने अपने पड़ोसी बलराम तथा हेमंत आवड़े के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसने अपना रसोई गैस सिलेंडर बलराम तथा हेमंत को दिया था, जिसे वापस मांगने पर दोनों ने उसकी तथा नौ वर्ष की बेटी की पिटाई कर दी।

घरेलू विवाद में पत्नी के साथ मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में किरण रजक ने अपने पति राजकुमार उर्फ शेखर रजक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब के नशे में उसके साथ आए दिन मारपीट करता है। इस बात की शिकायत उसने अपने पिता से की तो महिला के पिता राजकुमार को समझाने के लिए उसके घर आए। इससे नाराज होकर राजकुमार ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट की।

लंबित आवेदनों पर संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी करने के निर्देश

राजस्व प्रकरणों के निपटारे में सुस्त रवैया, कलेक्टर हुए सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अविवादित राजस्व प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन का निराकरण समय–सीमा के बाद भी नहीं होने पर कलेक्टर चंदन कुमार ने सख्ती दिखाते हुए राजस्व न्यायालयवार लंबित आवेदन के आधार पर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं आरआई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित समय–सीमा की बैठक में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों में अविवादित बंटवारा व सीमांकन के कार्य सबसे आसान व जल्द निराकृत हो सकने वाले प्रकरण है, लेकिन ऐसे प्रकरण भी समय–सीमा के बाहर लंबित रहना कार्य के प्रति उदासीनता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि राजस्व के सभी प्रकरणों को सबसे पहले संबंधित न्यायलय में दर्ज करें। प्रकरण दर्ज करने के बाद ही कार्यवाही प्रारम्भ करें। उन्होंने बिना अनुमति के भूमि उपयोग में परिवर्तन के मामलों की नियमितता के लिए अभियान चलाकर राशि जमा कराने के निर्देश दिए। इसी तरह बटांकन के लिए शेष रकबों का भी अभियान चलाकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के प्रकरण के सबंध में बिना खात्मा रिपोर्ट के भी प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने भू भाटक की वसूली, अभिलेख शुद्धता, डिजिटल हस्ताक्षर, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, सीमांकन में तेजी लाने प्रतिदिन पटवारियों से रिपोर्ट लेने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान बच्चों के अभिभावकों की काउंसिलिंग भी करें, ताकि कुपोषण दूर करने में उनकी भी महत्वपूर्ण सहभागिता रहे। कलेक्टर ने टीबी मुक्त भारत, सिकल सेल एवं एनीमिया मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कार्ययोजना बनाने तथा प्रतिदिन टेस्टिंग व स्कैनिंग के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अनुमानित लक्ष्य 74 लाख क्विंटल के विरूद्ध अब तक 30 प्रतिशत हुए खरीदी में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सबसे पहले छोटे किसानों से एक बार में ही धान खरीदी करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन, अपर कलेक्टर द्वय वीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

21 से चलेगा गंभीर कुपोषितों के लिए विशेष अभियान

कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विशेष अभियान चलाने के संबन्ध में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिले में 2083 गंभीर रूप से कुपोषित बच्चे चिन्हांकित हैं। इन कुपोषित बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने के लिए 21 दिसंबर से 18 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बच्चों को प्रोटीन सप्लीमेंट के अतिरिक्त विटामिन व आयरन सिरप दी जाएगी तथा आवश्यकता अनुरूप जरूरी उपचार भी किया जाएगा।

जिले में निकाली विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रूट चार्ट निर्धारित कर दिया गया है। इस संबंध में नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने बताया कि 19 दिसंबर से लेकर 26 जनवरी तक 54 पंचायतों में शिविर का आयोजन होगा। इसके तहत 20 दिसंबर को 10 बजे से सेम्हराडीह, 2 बजे से रिसदा, 21 दिसंबर को 10 बजे से डमरू, 2 बजे से रसेड़ी, 22 दिसंबर को 10 बजे से लटुवा, 2 बजे से पनगांव, 27 दिसंबर को 10 बजे से अहिल्दा, 2 बजे से सरखोर, 28 दिसंबर को 10 बजे से डोंगरीडीह, 2 बजे से भालूकोना, 29 दिसंबर को 10 बजे से बगबुड़ा, 2 बजे से धाराशिव, 1 जनवरी को 10 बजे से अमेरा, 2 बजे से छेरकापुर, 2 जनवरी को 10 बजे से कोसमंदी, 2 बजे से दतान प, 3 जनवरी को 10 बजे से जोराडबरी, 2 बजे से ओड़ान, 4 जनवरी को 10 बजे से वटगन, 2 बजे से तेलासी, 5 जनवरी को 10 बजे से जारा, 2 बजे से ससहा, 8 जनवरी को 10 बजे से बनसांकरा, 2 बजे से कचलोन, 9 जनवरी को 10 बजे से चौरेंगा, 2 बजे से दामाखेड़ा, 10 जनवरी को 10 बजे से हिरमी, 2 बजे से कुथरौद, 11 जनवरी को 10 बजे से रावन, 2 बजे से मोहरा, 12 जनवरी को 10 बजे से जरौद, 2 बजे से कोलिहा, 15 जनवरी को 10 बजे से दतरेंगी, 2 बजे से तरेंगा, 16 जनवरी को 10 बजे से कडार, 2 बजे से देवरी, 17 जनवरी को 10 बजे से टोनाटार, 2 बजे से मोपर, 18 जनवरी को 10 बजे से कोदवा, 2 बजे से सिंगारपुर, 19 जनवरी को 10 बजे से मोपका, 2 बजे से करहीबाजार, ▶▶ शेष पेज 13 पर

- 26 जनवरी तक 54 गांवों में होगा शिविर का आयोजन

बैठक में पटेल संघ ने उठाया मानदेय बढ़ाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ स्तरीय ग्राम पटेल की राज्य स्तरीय बैठक रायपुर में मंगलवार को हुई, जिसमें ग्राम पटेलों ने मानदेय बढ़ाने की लंबित मांग 3000 रूपये पर चर्चा की। बताया गया कि उक्त मांग का अनुमोदन राज्य शासन के राजस्व आपदा प्रबंधन द्वारा किया जा चुका है। अनेक बार ज्ञापन मंत्रियों के माध्यम से दिया जा चुका है, किन्तु पूर्व रमन सरकार एवं भूपेश सरकार ने किसी प्रकार की पहल नहीं की। उक्त मांग का ज्ञापन नये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निवास पहुंना में भेट कर सौंपने दल बल के साथ पहुंचे थे, लेकिन मुख्यमंत्री के प्रवास के कारण भेंट नहीं हो सकी, फिर भी ज्ञापन पत्र दिया गया है।

अपनी मांगों की प्रतीक्षा करते पुरानी सरकार से भरोसा उठने के बाद अब भाजपा की विष्णुदेव सरकार आ गई है, अब देखना होगा कि नई सराकार ग्राम पटेलों की लम्बित मांग मानदेय 3000 रूपये महीना को कितनी संवेदनशीलता से लेती है। विदित हो कि ग्राम पटेल गांवों में राजस्व वसूली, जमीनी विवादों ▶▶ शेष पेज 13 पर

- मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

आगजनी से 50 एकड़ का पैरा खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम रावन में अज्ञात व्यक्ति ने खेत में रखे पैरा में आग लगा दी, जिससे लगभग 40 से 50 एकड़ पैरा जलकर खाक हो गया। ग्राम के किसान घनश्याम वर्मा ने बताया कि गांव में धान कटिंग बाकी है, कोई भी किसान पैरा घर लेकर नहीं आए है। जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत के पैरा में आग लगा दी गई, जिससे उसे नुकसान हुआ है। उन्होंने शासन से पैरा जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सरपंच ने फोन पर बताया कि आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलायी गयी थी। खेत की तरफ अंदर नहीं जा पायी। आगजनी से किसानों को नुकसान हुआ है। कोटवार से गांव में मुनादी करा दी गई कि कोई भी व्यक्ति पैरा नहीं जलाएगा। ऐसा पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। घटना से किसान वर्ग पीड़ित है। शासन से मांग की पराली जलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्ले गेम के दौरान 40,500 रुपए की ठगी की गई थी

पुलिस को साइबर ठगी की रकम वापस दिलाने में मिल रही सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस को साइबर ठगी की रकम वापस दिलाने में लगातार सफलता मिल रही है। हाल ही में जिला पुलिस ने प्ले गेम के दौरान ठगी के पीड़ित को 40,500 रुपए वापस दिलाने में सफलता मिली है।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी विनोद पिता चंद्रिका प्रसाद वर्मा 43 साल निवासी ग्राम गैतरा ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि, वह अपने मोबाइल नंबर पर फोन–पे का संचालन करता है। बच्चों द्वारा मोबाइल में गेम खेलते हुए प्ले–स्टोर से एक गेम डाउनलोड किया, तत्पश्चात अचानक खेलते-खेलते ओजीई इंड्रिर नामक किसी गेम साइट में पहले 500 रूपये फिर 20,000 रूपये उसके बाद 20,000 रूपये इस प्रकार 3 बार में फोन–पे के माध्यम से कुल 40,500 रूपये ट्रांसफर हो गया। प्रार्थी को अपना मोबाइल चेक करने एवं पैसा कटने का मैसेज देखने पर साइबर ठगी होने का पता चला। इसके बाद प्रार्थी द्वारा फोन–पे किए गए नंबर पर संपर्क कर पैसा वापस मांगा गया, लेकिन दूसरी ओर से किसी भी प्रकार का ना ही रिप्लाई आया और ना ही पैसा वापस आया। इस प्रकार प्रार्थी कुल 40,500 रूपये ऑनलाइन साइबर ठगी का शिकार हो गया था।

पीड़ित की रिपोर्ट पर निरीक्षक अमित तिवारी थाना प्रभारी सिटी कोतवाली ने तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा को सूचित कर सूचना सायबर सेल बलौदाबाजार को दी, जिसमें आरक्षक हेमंत नायक की मदद से सायबर पुलिस पोर्टल में ठगी की जानकारी को विधिवत अपडेट किया गया तथा समय पर नॉलेजमेन्ट नं. प्राप्त किया गया। प्रकरण में त्वरित वैधानिक कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंकों का खाता नंबर फ्रीज कराया गया तथा कुल 40, 500 रूपये को त्वरित कार्रवाई परिणाम स्वरूप होल्ड कराया जा सका। संपूर्ण प्रक्रिया पश्चात 13 दिसंबर को प्रार्थी के खाते में उक्त ठगी की पूरी रकम 40,500 रूपये वापस प्राप्त हुई।

पीड़ित ने जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। पीड़ित ने बताया कि उसने सोचा नहीं था कि ठगी की रकम मुझे वापस भी मिल सकती है। रिपोर्ट करने के बाद प्रार्थी एक प्रकार से इस ठगी की घटना को भूल सा गया था।

पुलिस ने लोगों को किया सावधान

जिला बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस ने सभी से अपील करते हुए कहा कि लोक–लुभावने एवं लालची विज्ञापनों पर किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया न दें, अनजाने लिंक को टच न करें, किसी भी अजनबी फोन कॉल में अपनी खाता संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी न दें, ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत रकम लेनदेन अथवा ट्रांसफर में सदैव सावधानी बरते। अपना मोबाइल छोटे बच्चों को न दें। विशेष रूप से किसी भी प्रकार की ठगी का शिकार होने पर तत्काल नजदीकी थाना-चौकी में जाकर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अपनी रिपोर्ट दर्ज करें।

सरगुजा में शीतलहर जैसे हालात

रायपुर। सरगुजा संभाग के कई इलाकों में तापमान पांच डिग्री से नीचे होने की वजह से शीतलहर जैसे हालात बने हुए हैं। उत्तर से आने वाली ठंडी हवा के प्रभाव से सोमवार को रायपुर समेत मध्य इलाके में ठंड की वजह से लोग दिन में गर्म कपड़े पहने नजर आए। हवा की दिशा उत्तर होने की वजह से तापमान में गिरावट होने से ठंड और बढ़ने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक अभी जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है, जिसकी वजह से उस ओर से आने वाली शुष्क हवा अधिक ठंडी है। इसका सर्वाधिक असर सरगुजा संभाग के सीमावर्ती इलाकों में हो रहा है। अंबिकापुर के मैनपाट और उसके आसपास के इलाकों में रात का तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे होने की वजह से वहां शीतलहर जैसे हालात बन चुके हैं। ठंडी हवा रायपुर समेत मध्य इलाके में भी अपना दिखा रही है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

सिख संगठन ने सीएम से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

रायपुर। गुरु तेगबहादुर के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ सिख संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। साथ ही संगठन के पदाधिकरी इंदरजीत सिंह खालसा (गोल्डी), प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने मुख्यमंत्री को गुरु तेग बहादुरजी की जीवनी को छग के पाठ्यक्रम में, पंजाबी एकेडमी का गठन करने एवं गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे की जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की तथा ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में छग सिख संगठन के संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, प्रदेशाध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, लवली अरोरा, गुरुमीत सिंह टोनी, राजेंदर सिंह होरा, मोनू सलूजा, करण गुरदत्ता उपस्थित थे।

पं. रविशंकर की पुण्यतिथि 31 को

रायपुर। मप्र के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर 31 दिसंबर रविवार को प्रदेश के समस्त जिला, शहर, नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुख्यालयों में श्रद्धांजलि सभा होगी। साथ ही अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा की 20 दिसंबर को जयंती एवं 21 दिसंबर को पुण्यतिथि मनाई जाएगी।

पुरंदर ने जारी किया भारत संकल्प यात्रा का कैलेंडर

रायपुर। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' जोरदार तरीके से शुरू हो गई है। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा अपने विधानसभा क्षेत्र में प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर लग रहे शिविर में पहुंचकर हितग्राहियों को जानकारी देने के साथ ही उनका मनोबल भी बढ़ा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को विधायक श्री मिश्रा शासकीय स्कूल खम्हारडीह में लगे शिविर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने भारत संकल्प यात्रा का कैलेंडर जारी किया, वहीं आंगनबाड़ी में चल रही गोदभराई की रस्म में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं का आंचल श्रीफल के साथ आशीर्वाद देकर भरा। इस मौके पर विधायक ने बताया कि देश में महिलाओं को सबल बनाने के साथ ही उनकी सुविधाओं, स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं को एक साथ लागू किया है, जिसे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरा कराया जा रहा है। इस यात्रा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उज्ज्वला योजना, महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी से महिलाओं को अवगत कराया जा रहा है और उसका लाभ दिलाने ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

नए सत्र के लिए नई सरकार ही तय करेगी-बिजली की कीमत में इजाफा होगा या नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार काबिज हो गई है। राज्य पॉवर वितरण कंपनी नए सत्र 2024-25 के लिए बिजली नियामक आयोग को लेखा-जोखा भेजने की कवायद में जुट गई है। सब मिलाकर पुराना घाटा छह हजार करोड़ के ज्यादा का है।

पिछली याचिका के समय का ही घाटा तीन हजार करोड़ है। इसके पहले का भी घाटा अभी बचा हुआ है। ऐसे में पॉवर कंपनी की मंशा केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के नियमों के मुताबिक बिजली की कीमत बढ़ाने की है, लेकिन अगले साल लोकसभा के चुनाव के कारण नई सरकार तय करेगी क्या करना है। संभावना इस बात की है कि कम से कम अगले साल बिजली की कीमत में इजाफा नहीं होगा। हमेशा से विधानसभा और लोकसभा के चुनावी साल में बिजली की कीमत नहीं बढ़ी है। बिजली नियामक आयोग को राज्य पॉवर वितरण कंपनी अपनी तरफ से साल भर का लेखा-जोखा बनाकर दिसंबर में भेजती है। नए सत्र के लिए लेखा-जोखा तैयार किया जा रहा है। इसमें जहां पुराना पिछला तीन हजार करोड़ का घाटा जाएगा, वहीं इसके पहले वाला घाटा और 2022-23 के सत्र का भी हिसाब जाएगा। कंपनी को इस सत्र में पूरा राजस्व मिला या नहीं। इस सत्र के अंतर की राशि का भी हिसाब किया जाएगा। इसमें मालूम होगा कि कंपनी को इस सत्र में कितना राजस्व कम मिला है। ऐसे में कंपनी अपना घाटा बताएगी कि उसका कुल घाटा कितना है। इसके हिसाब से नियामक आयोग टैरिफ तय करेगा। इसी के साथ पॉवर कंपनी ने नए सत्र के लिए खर्च का जो हिसाब लगाया है, उसमें कंपनी को करीब 21 सौ करोड़ के राजस्व की जरूरत है। अब आयोग इसमें से कितना राजस्व मंजूर करेगा, यह अलग बात होगी।

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद ही बिजली नियामक आयोग में लगाई जाएगी याचिका

सरकार तय करेगी : प्रदेश में अब एक बार फिर से भाजपा की सरकार आ गई है। मुख्यमंत्री के साथ दो उपमुख्यमंत्री भी बन गए हैं, लेकिन अभी मंत्रिमंडल का गठन नहीं हुआ है साथ ही विभागों का भी बंटवारा नहीं हो सका है। यह सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश सरकार तय करेगी कि नए सत्र में बिजली की कीमत बढ़ेगी या नहीं। सरकार के निर्देश के हिसाब से ही पॉवर कंपनी अपने लेखा-जोखा में इस बात का उल्लेख करेगी कि उसको टैरिफ बढ़ाने की जरूरत है या नहीं। पिछले सत्र में भी तीन हजार करोड़ का घाटा होने के बाद भी विधानसभा चुनाव के कारण टैरिफ न बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा गया था। इस बार भी ऐसा ही होने की संभावना है।

हरियाणा से आए किसान बंजर भूमि पर ले रहे कपास की फसल

क्षेत्र की बंजर भूमि पर कपास की खेती बनी लाभदायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

भूमि कभी बांझ नहीं होती अपितु कमी उसका सीना चीर कर उपजाऊ बनाने का हौसला रखने वालों की है।यह हौसला कर दिखाया है हरियाणा से आए कुछ किसानों ने, जिन्होंने क्षेत्र के मोहरा रावन, गोरदी और भालेसूर गांवों के सैकड़ों एकड़ बंजर भूमि में कपास की खेती कर न केवल उसे उपजाऊ बनाने का काम किया है, अलबत्ता प्रति एकड़ धान फसल से अधिक लाभ ले पाने का प्रयास कर रहे हैं।

अंचल के ग्राम रावन और तिल्दा बांधा के लगभग 70 एकड़ असमतल एवं बंजर भूमि में कपास की खेती करने वाले कुलदीप शेरावत ने बताया कि 1 साल के लिए 12 हजार रुपए से 15000 रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से भूमि लीज पर लेकर वे अपने भाई संदीप शेरावत और अमित शेरावत के साथ मिलकर रावन तिल्दा-बांधा के 70 एकड़ के अलावा भालेसूर में 200 एकड़ तथा गोरदी में 200 एकड़ भूमि में भी कपास की खेती कर रहे हैं। उनका कहना है कि 1 एकड़ में 30 से 35 हजार रुपए की लागत लगती है और पानी पर्याप्त होने पर प्रति एकड़ 10 से 12 क्विंटल कपास का उत्पादन हो पाता है, जबकि प्रति क्विंटल कपास की कीमत लगभग 7000 मिल जाती है। इस हिसाब से प्रति एकड़ उन्हें 35000 से 45000 रुपए की कुल आमदनी हो जाती है। किसानों ने बताया कि कपास की फसल लेने के लिए उन्हें तीन बार जमीन की जुताई करनी पड़ती है, उसके बाद मादा बनाना पड़ता है और डेढ़ फीट से 2 फीट के अंतराल में कपास के बीज को बोना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या के अलावा लाल सुंडी नामक कीट कपास का सबसे बड़ा दुश्मन है, जो फसल में फूल आने के दौरान उसमें बैठ जाता है, जिसके कारण कपास बन ही नहीं पाता, जिससे किसान को काफी नुकसान होता है। इसी बीमारी के कारण हरियाणा और पंजाब प्रदेश में कपास की खेती बंद हो गई है और आने वाले 8–10 सालों में यदि इस बीमारी का प्रकोप हुआ तो छत्तीसगढ़ में भी कपास की खेती मुश्किल हो जाएगी।

एक दिन में कपास तोड़ाई 40 से 50 किलो

इस फसल के लिए काली मिट्टी वाली भूमि को अधिक उपयुक्त बताते हुए लोगों ने कहा कि कपास तोड़ने के लिए वे राजस्थान से मजदूर लेकर आते हैं जो 7 प्रति किलो की दर से 1 दिन में 40 से 50 किलो कपास तोड़ लेते हैं। कपास की खेती करने वाले हरियाणा के ही एक अन्य किसान ने बताया कि वे चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ के किसानों को भी पड़त और बंजर भूमि में कपास की खेती करने की सलाह दे रहे हैं और उन्हें अपना सहयोग देने की भी बात कह रहे हैं, परंतु यहां के किसान आगे नहीं आ रहे हैं। कपास की फसल में हरियाणा से आए किसानों को लाभ होने का सबूत यह है कि वे इस बात को प्रचारित नहीं करना चाहते हैं कि उन्होंने प्रति एकड़ भूमि की लीज के लिए कितनी राशि दिए हैं, ताकि कोई अन्य किसान आकर अधिक बोली लगाकर उसे भूमि को लीज में ना ले पाए।

118 छात्रों ने जैतखाम व सबरी मंदिर का दर्शन लाभ लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

शैक्षणिक भ्रमण के तहत दूसरे दिन 19 दिसंबर को जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के कुल 118 छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली विश्व प्रसिद्ध जैतखाम व शिवरीनारायण के मां शबरी की मंदिर का दर्शन लाभ लिए।

प्राचार्य बी गिरजा एवं शैक्षणिक प्रभारी राजेंद्र सिका ने बताया कि कक्षा दसवीं के छात्र टिकेश, नंदू, नीलम, देविका, मयंक, सौरभ, शिवम एवं अनुराग सहित छात्रों ने बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली मुख्य मंदिर छाता पहाड़ चरण आदि पवित्र स्थान पहुंचकर गदगद हो गए। छात्रों ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध जैतखाम को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी तरह कक्षा ग्यारहवीं के छात्र पियूष, श्रेयांश, सोनम, कुसुम, गौतम, अभिषेक आदि ने बताया कि शिवरीनारायण में मां शबरी मंदिर में सभी भगवान का दर्शन लाभ लिए और सभी ने माथा टेकर प्रार्थना की। अच्छा ज्ञान, अच्छी शिक्षा के लिए दंडवत प्रणाम भी किया। शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों के साथ शिक्षक जीपी साहू, एसके पांडे, निधि एवं प्रतिभा भी साथ रहे।

प्राचार्य ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के तहत तीसरे दिन 20 दिसंबर को कक्षा ग्यारहवीं एवं 12वीं के छात्र–छात्राओं को बिलासपुर के एनर्जी पार्क सहित अन्य स्थान का भ्रमण कराया जाएगा।

कंचनपुर-स एवं पंचधार पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

केन्द्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। यह यात्रा बरमकेला विकासखण्ड के कंचनपुर–स एवं पंचधार में पहुंची। इसके अंतर्गत मोबाइल वैन के माध्यम से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है एवं हितग्राहियों से मेरी कहानी मेरी जुबानी अंतर्गत योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया जा रहा है।

संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित शिविर में कुल 608 लोगों ने अपनी जांच करवाई और शिविर का लाभ लिया। इसी कड़ी में कृषि विभाग से संबंधित किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 14 आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के 45 आवेदन एवं स्वच्छ भारत योजना के तहत शौचालय के लिए 5 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर दोनों पंचायतों के मंडल अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

इस दौरान सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे – स्वच्छ भारत मिशन, आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं, एलपीजी कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं–मिशन के माध्यम से संतृप्ति के लिए सभी लक्षित और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके।

खून की खातिर चक्कर से नहीं मिली मुक्ति ब्लड स्टोरेज की योजना नहीं हो सकी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आपात स्थिति होने पर मरीज के परिजनों को एक बोतल खून की खातिर राजधानी के चक्कर लगाने की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड स्टोरेज शुरू करने की योजना बनाई गई थी जो छह माह का वक्त बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है।

अभी रायपुर जिले के तमाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सीजर प्रसव की सुविधा दी जा रही है। चिकित्सकों के मुताबिक कई बार इस प्रक्रिया में मरीज को रक्त की आवश्यकता होती है। सुविधा नहीं होने की वजह से मरीज के परिजन रक्त की व्यवस्था के लिए राजधानी के ब्लड बैंक तक का चक्कर लगाते हैं। मरीज की इस परेशानी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवा, खरोरा, गोबरा-नवापारा, बीरगांव तथा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुर्वेद कालेज परिसर में ब्लड स्टोरेज की सुविधा देने की योजना बनाई थी। दावा किया जा रहा था कि काम पूरा होने के बाद मरीज के परिजनों को रक्त की खातिर इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। योजना को छह माह से अधिक का वक्त बीच चुका है, मगर अब तक इस योजना पर काम पूरा नहीं किया जा सका है, जिसकी वजह से मरीज के परिजनों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसके अलावा तिल्दा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लड बैंक प्रारंभ करने का कम भी अधूरा पड़ा है।

- जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुरू किया जाना था
- आपात स्थिति में परिजनों को लगाना पड़ता है राजधानी का चक्कर

विभिन्न समूह के ब्लड रखने की योजना

सूत्रों के मुताबिक ब्लड स्टोरेज में विभिन्न समूह के रक्त स्टोरेज रखने की योजना थी। इलाज के दौरान किसी मरीज को अगर आवश्यकता होती और उनके पास दूसरा विकल्प नहीं होता, तो स्टोरेज से रक्त मुहैया कराया जा सकता है। बाद में इस रक्त की भरपाई अन्य तरीके से की जाती। ब्लड स्टोरेज की योजना को मूल रूप से ग्रामीण इलाकों में सक्रिय सामुदायिक स्वास्थ्य में तैयार करने का प्रयास किया गया था।

ट्रामा योजना भी फेल

ब्लड स्टोरेज के अलावा हाईवे पर मौजूद स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रामा यूनिट भी तैयार करने की योजना बनाई गई थी। इसका मकसद हाईवे पर सड़क हादसे में जख्मी होने वालों को तत्काल उपचार की सुविधा मुहैया कराना था। इसके लिए धरसींवा और अभनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का चयन किया गया था। ट्रामा में उपचार की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डाक्टरों को पदस्थ करने की तैयारी थी, इसका काम भी अभी पूरा नहीं हो पाया है।

राजधानी में भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा 21 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की जनवरी 2024 में होने जा रही प्राण-प्रतिष्ठा के पहले पूरे छत्तीसगढ़ में भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकालने की योजना तय हुई है। इसी संदर्भ में एक बैठक वीआईपी मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर के सभागृह में सोमवार को हुई। इस बैठक में मुख्य पुजारी हनुमंत ने बताया कि समस्त हिंदू समाज द्वारा आगामी 21 जनवरी को दोपहर 3 बजे तेलीबांधा तालाब से श्रीराम मंदिर मार्ग होते हुए श्रीराम मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान पूजा-अर्चना और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुनील रामदास ने बताया कि अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पहले रायपुर के नागरिकों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सभी संतों, समाज के प्रमुखों तथा नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा। शोभायात्रा तेलीबांधा मरीन ड्राइव से शुरू होकर श्रीराम मंदिर मार्ग पर खत्म होगी। इस अवसर पर भजन और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में धर्मजागरण विभाग के प्रमुख राजेंद्र ने मार्गदर्शन किया तथा कई व्यवस्थाओं के लिए प्रमुख तय किए गए। बैठक में ट्रस्ट के अध्यक्ष बृजलाल गोयल, राजेंद्र, सुनील रामदास, पुष्पेंद्र, विवेक, मनमोहन चावला, विधायक मोतीलाल, योगेश अग्रवाल, अमर बंसल, गोविंद अग्रवाल, वीके सिंग, विक्रम केवलानी, सत्यनारायण मित्तल, मनोज गोयल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जेल में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के लिए उत्थान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और खुशी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 व 18 दिसंबर को केंद्रीय जेल रायपुर में निरुद्ध महिला बंदियों और उनके बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी हाईकोर्ट जस्टिस एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर, अतिथि डॉ. व्ही.सी. विवेकानंदन, कुलपति हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नवा रायपुर एवं अध्यक्षता हमीदा सिद्दीकी, संस्थापक, खुशी फाउंडेशन की उपस्थिति में हुआ।

शराब बेचते धरा गया कोचिया, केस दर्ज

रायपुर। मंदिर हसौद पुलिस ने रावणभाठा चौक के पास शराब बेचते एक कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत रावणभाठा चौक पास एक व्यक्ति बैग में शराब रखकर बिक्री करने की फिराक में है। थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कोचिए को चिन्हांकित कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम नीलकंठ सेन निवासी रावणभाठा मंदिर हसौद रायपुर बताया। बैग की तलाशी लेने पर 32 पौवा देशी शराब मिली।

वाटर बेस क्रियेशन के लिए मुंबई के एंटार्टिका ब्रांड को 9 साल के लिए ठेका

नवा रायपुर के झांझ जलाशय से एनआरडीए कमाएगा एक साल में साढ़े बारह लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के झांझ जलाशय में पानी पर तैरने वाले वाटर बेस क्रियेशन के एवज में मुंबई की एंटार्टिका ब्रांड नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को एक साल में साढ़े बारह का भुगतान करेगी। 9 साल के लिए यह अनुबंध हुआ है। इसमें अनुबंधित एजेंसी राजधानी वासियों को जल आधारित 50 अलग-अलग तरह की गतिविधि से रोमांचित करने का मौका दे रही है। इन गतिविधियों में यार्ड, हाउस बोट, स्पीड बोट, जेटस्की के साथ युवाओं के लिए आयस्टिम बोट शामिल है। यही नहीं, वाटर साइकिल, बबल साइकिल का मजा लोग उठा सकते हैं। सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा वाटर बेस क्रियेशन नवा रायपुर के मेफेयर में तैयार है, जहां मेट्रो सिटी की तर्ज पर लोगों को परिवार के साथ सुकून के पल बिताने वाटर इवेंट से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होने का मौका दिया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया, सभी वर्ग के लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए यहां अनलिमिटेड एक्टिविटी शुरू की गई है।

- 50 अलग-अलग तरह की वाटर एक्टिविटी

चार तरह के पार्क बनाए, पैकेज अलग-अलग

झांझ जलाशय में शुरू किए गए वाटर बेस क्रियेशन के लिए अनुबंधित एजेंसी ने चार सेक्शन को अलग-अलग पार्क का नाम दे रखा है। इनके नाम हैं सेलिब्रेशन पार्क, एचटूओ फ्लेवर्स, पानी पर तैरता एडवेंचर यानी एडवेंचर बलून इसमें स्पीकिंग कास्ट फ्री रखा गया है। एडवेंचर प्रेमियों को सुरक्षा के लिए पहने जाने वाले वस्त्र मुफ्त देने की व्यवस्था है। साथ ही लोगों के लिए चेंजिंग रूम और शावर रूम बनाया गए हैं।

999 रुपए से अनलिमिटेड पैकेज

परिवार के साथ नौकायन सहित अन्य तरह के वाटर एक्टिविटी का आनंद उठाने वालों के लिए अनुबंधित एजेंसी ने 999 रुपए से लेकर अनलिमिटेड पैकेज उपलब्ध कराए हैं। इसमें लोग अपनी पसंद अनुसार चार सेगमेंट में अलग-अलग तरह की एक्टिविटी में शामिल हो सकते हैं।

खबर संक्षेप

शिविर में 14 मरीजों का निःशुल्क उपचार

महासमुंद। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ व नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 14 मरीज का उपचार किया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा के बीएमओ डॉ तारा अग्रवाल, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा। शिविर में मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे आदि मौजूद रहे।

तोरला में श्रीमद भागवत कथा आयोजित

पटेवा। ग्राम तोरला निवासी स्व. टीकाराम गजेंद्र, स्व पोनी बाई गजेंद्र एवं स्व राहुल गजेंद्र की स्मृति में पुत्र दुबेराम गजेंद्र, रेखा गजेंद्र द्वारा 14 से 22 दिसंबर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ किया जा रहा है। कथावाचक पं प्रमोद त्रिपाठी है। संगीतमयी कथा सुनने आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में शामिल हो रहे हैं। कथा में पं प्रमोद त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को हम जैसी शिक्षा बचपन में देते हैं, वैसे ही वे बन जाते हैं। बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता ही होते हैं। कथा के पांचवे दिन दही लूट, शोभायात्रा निकाली गई।

शराब की अवैध बिक्री आरोपी पर कार्रवाई

महासमुंद। गुरु घासीदास जयंती पर 18 दिसंबर को शुष्क दिवस घोषित किया गया था। शुष्क दिवस में अवैध मदिरा विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा आबकारी विभाग को आदेशित किया गया था। उक्त आदेश के पालन में गश्त मुखबिर से सूचना मिलने पर सांकरा के नायक ढाबा में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल आबकारी टीम आबकारी वृत्त सांकरा द्वारा दबिश दिए जाने पर अवैध रूप से अन्य प्रांत ओडिशा राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 3.640 लीटर एवं छग राज्य निर्मित विदेशी मदिरा मात्रा 0.750 लीटर कुल मात्रा 4.390 लीटर विदेशी मदिरा जब्त कर आरोपी महेंद्र कुमार नायक निवासी नायक ढाबा सांकरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवं 36 के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई।

पिसीद में अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाली

कसडोल। समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में श्रीराम मंदिर निर्माण युवा समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश यात्रा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम के महामाया मंदिर से किया गया, जिसका पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा समस्त ग्राम में भजन कीर्तन मंडली सम्मिलित होकर श्रीराम की जय जयकार करते हुए ग्राम में भ्रमण किया। वहीं ग्राम की महिलाओं ने भी घर-घर से कलश लेकर श्री राम की शोभायात्रा यात्रा में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच सुकृता कामता प्रसाद पटेल ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों सहित माता बहनों एवं आमजन उपस्थित रहे।

एसोसिएशन की जिला इकाई ने मनाया पेंशनर्स दिवस

विधायक टंकराम ने कहा : धारा 49 के विलोपन की समस्या का निराकरण करने पहल होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

देशभर में 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में पेंशनर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने पंचशील नगर स्थित योग भवन में विधायक टंक राम वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस मनाया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि ज्ञान और अनुभव से भरपूर पेंशनर रूपी गुरुजनों की इस सभा को संबोधित करते हुए मैं भाव विभोर हो रहा हूं। मैं जब हाईस्कूल में था तब विधायक बनने का स्वप्न देखा, जो आज आप सबके आशीर्वाद से पूरा हुआ है। आपने पेंशनरों की जिस मुख्य समस्या धारा 49 के विलोपन की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया है उसे में जवाबदारी के साथ मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री व वित्त सचिव के समक्ष रखूंगा व इसका हल निकाला जाएगा।

जिला मुख्यालय में पेंशनर्स भवन की मांग को भी पूरा करने की बात उन्होंने कही। अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल ने भी अपने उद्बोधन में पूर्ण सहयोग करने की बात कही।

तहसील अध्यक्ष एसडी पड़वार ने मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया तथा प्रांतीय महामंत्री डीपी जैन ने अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल का शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह से अभिनंदन किया। डीपी जैन ने पेंशनरों की विविध समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. एसएम पाध्ये ने धारा 49 की विस्तृत व्याख्या करते हुए इससे उत्पन्न समस्या बताई। एसडी पड़वार ने अतिथियों को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

मंच संचालन एसएम पाध्ये ने किया तथा एसडी पड़वार ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर तहसील कार्यकारिणी के सदस्यों सहित डॉ. प्रमोद तिवारी, खोडस राम कश्यप, एल पी जायसवाल, राजकमल मिश्रा, जीपी मिश्रा, अनिल पदमवार, बीडी डहरिया, एसके सोनी, जीपी वर्मा, श्रवण अवस्थी, प्रीत राम धीवर, देवेंद्र वैष्णव, वीरेंद्र वर्मा, यशवंत दुबे, हरीश लाल साहू, कांशीराम साहू, रमेश वर्मा, नेहरुलाल यादव, डी शर्मा, नलिनी कश्यप, सरोज गुप्ता, सरोज पटेल, लता कश्यप, सुषमा पवार, हरीश चंद्र वर्मा, एके ध्रुव, राजेन्द्र मिश्रा, राजेश अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

खजरी के राम भक्तों ने निकाली अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का आया निमंत्रण खजरी ग्रामवासियों के लिए 19 दिसम्बर को पहुंचा। अयोध्या से अभिमंत्रीत अक्षत कलश जिसकी भव्य शोभायात्रा मंगलवार को सायं 4 बजे से निकली गई, जो बजरंग चौक से प्रारंभ होकर ग्राम के सभी गलियों में कीर्तन भजन करते हुए राम का जयकार लगाते हुए आगे बढ़ी। जिसमें कीर्तन टोली व ध्वज वाहिनी और राम लला का चित्र के पीछे पीछे मातृशक्तियों ने कलश धारण किया हुआ था। अन्तिम में सभा हुई जिसमें श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति के खण्ड समन्वयक चिराग साहू ने बताया की दो वर्ष पहले मंदिर के लिए समर्पण मांगने आए थे और आज निमंत्रण देने आए है। सभा के पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ, फिर प्रसाद वितरण किया गया।

इस शोभायात्रा में मुख्य रूप से समिति के उपखण्ड समन्वयक सुकलाल साहू एवं ग्राम के समिति से हेतराम साहू, गोवर्धन साहू, सम्मेलाल साहू, संतोष कुमार साहू, सतरूहन साहू, सूरज साहू, दयाराम साहू, खीकराम साहू, मनीष साहू, जयप्रकाश, रमेश साहू, मोहनलाल साहू, भरत साहू, सुखदेव साहू, रामसाय साहू, रामाधर साहू, सम्मेलाल साहू सरपंच, सुखुराम साहू, पुनीराम केवर्त्य, जगतू राम साहू एवं ग्राम के सभी राम भक्त एवं बड़ी मात्रा में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

कृष्ण ने मामा कंस का नहीं उसके अहंकार का वध किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन मंगलवार को कृष्ण-रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया गया, जहां कृष्ण-रुक्मणी विवाह में श्रद्धालु जमकर झूमे। बाजे गाजे के साथ बारात निकाली गई।

इस दौरान खुड़मुड़ी तिल्दा नेवरा से पधारे कथावाचक पं. उपेंद्र शर्मा ने श्रीकृष्णा, बाल लीला गौचारण, ब्रह्म मोह, नागनाथ लीला, चीरहरण, गोवर्धन पूजा, रसिक लीला, कृष्ण का मथुरा गमन, भगवान से रुक्मिणी का विवाह और सुदामा चरित्र आदि कथाओं का वर्णन करते हुए कहा कि बाल कृष्ण ने अपने मामा कंस का नहीं बल्कि उसके अहंकार का वध किया है।

विवाह प्रसंग पर श्रीकृष्ण रुक्मणी की सजीव झांकी निकाली गई। जिसका स्वागत श्रोताओं ने पुष्प वर्षा करके किया। इस दौरान कथा स्थल को जोरदार ढंग से सजाया गया था और विवाह के दौरान जमकर आतिश बाजी भी की गई। उन्होंने कहा कि कृष्ण सुदामा जैसी मित्रता आज कहा है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण–सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा नाम सुनते ही द्वारकाधीश नंगे पांव अपने मित्र की अगवानी करने पहुंच गए और लोग कुछ समझ पाते उसके पूर्व ही श्रीकृष्ण ने अपने मित्र को सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पाखरे।

कथा के बीच गाए सोहर: कथा के दौरान बीच–बीच में गाए गए सोहर विवाह और से भक्तिमय भजनों से श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर झूमने नाचने पर मजबूर हुए। वहीं सुदामा प्रसंग के दौरान भावुक बिना नहीं रहे।

भागवत कथा में आज सुदामा चरित्र की होगी प्रस्तुति

भाटापारा। नारायणी विहार में चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण में खूब आनंद बरस रहा है। व्यासपीठ पर विराजित पं. राजेन्द्र शास्त्री के भक्ति रस की अविरल गंगा में नगर के सैकड़ों महिला पुरुष कथा का श्रवण कर रहे हैं। बुधवार को

सुदामा चरित्र परिक्षित मोक्ष की कथा होगी। नगर के मुख्य मार्ग लिंक रोड स्थित नारायणी विहार फेस 2 में द्वारिका पांडेय परिजनों द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथाभागवत के चतुर्थ दिवस वामन अवतार व कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। ,पंचम दिवस रुक्मिणी विवाह मनाया गया, जिसमें पाण्डेय परिवार द्वारा सुंदर लीला प्रस्तुत की गई। पं. राजेन्द्र शास्त्री की कथा का श्रोतागण भरपूर आनंद ले रहे हैं। सरल शब्दों में व्याख्यान से श्रद्धालु बहुत ही भावविहोर व आनंदित हैं। बुधवार को सुदामा चरित्र , परिक्षित मोक्ष, गीता ज्ञान के साथ तुलसी वर्षा होगी। दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होने वाली कथा शाम साढ़े 5 बजे तक रोजाना चलती है और 21 तारीख को हवन पूजन के साथ प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजक द्वारिका पाण्डेय ने धर्मप्रेमी नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

रासेयो के छात्रों ने बंदारी में लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

आरएन एम महाविद्यालय भटगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बंदारी में लगाया गया है। नशामुक्ति एवं मतदाता जागरूकता अभियान पर आधारित शिविर में महाविद्यालय के 50 छात्र–छात्राएं स्वयंसेवक के रूप में भाग ले रहे हैं। शिविर उद्घाटन सत्र में एनएसएस के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरीश वैष्णव, ग्रंथपाल ने कहा कि गांधीजी के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 में एनएसएस इस आशय से प्रारंभ किया गया कि उच्च शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, चेतना, स्वप्रेरित अनुशासन के साथ श्रम के प्रति सम्मान का भावना उत्पन्न हो। राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। वर्तमान में देश के 40 लाख से अधिक विद्यार्थी इस योजना में जुड़कर सामाजिक जीवन के विविध क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दे रहे हैं। शिविर गतिविधि के जरिये शिविरार्थी छात्र-छात्राओं को ग्रामीणों की दिल जीतने का आह्वान किया।

इससे पूर्व शिविर शुभारंभ के मुख्य अतिथि– गोमती बाई साहू, अध्यक्षता–प्रो. एस. के. शुक्ला प्राचार्य, विशिष्टि अतिथि मुकेश सोनी, केपी. साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, शिवप्रसाद साहू, उपसरपंच तथा बी. एल. साव रहे।

कार्यक्रम का संचालन– आरके साई, डॉ. कमलेश पटेल कार्यकम अधिकारी ने किया।

जोहनदास बने सचिव संघ सिमगा के ब्लॉक अध्यक्ष

सिमगा। जनपद पंचायत सिमगा में ब्लाक अध्यक्ष पद के लिए विगत दिनों सुहेला के खल्लारी माता परिसर में पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई सिमगा द्वारा चुनाव कराया गया। इसमें जोहनदास भारती को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन अधिकारी के रूप में बलदाऊ साहू ब्लॉक अध्यक्ष बलौदाबाजार, बलराम वर्मा संरक्षक, पवन साहू ब्लॉक कोषाध्यक्ष, आनंद साहू ब्लाक कार्यकारिणी बलौदाबाजार की उपस्थिति में निर्वाचन कार्य विधिवत कराया गया। कुल मतदाता संख्या 83 में से 73 ने निर्वाचन में भाग लिया, जिसमें 10 अनुपस्थित रहे। जोहनदास भारती को 45 वोट मिला, वहीं तेजराम वर्मा को 28 मत मिला। इस प्रकार जोहनदास भारती 17 मतों से जीत हासिल करते हुए पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई सिमगा का अध्यक्ष निर्वाचित हुआ। उक्त अवसर पर पंचायत सचिव रमेश बंजारे, सुरेश घीतोड़े, कैलाशपुरी गोस्वामी पूर्व अध्यक्ष, खड़ानंद वर्मा तत्कालीन अध्यक्ष, अश्वनी कौशल, दूजे राम साहू, नरेश वर्मा, संजय वर्मा, खिलेश्वर शर्मा, मुकेश निषाद, विनोद दास वैष्णव, ईश्वर साहू, राजू देवांगन, जयशंकर सोनवानी, मंजू डहरिया, पद्मिनी निषाद, मंजू बघेल, इंदिरा मार्कंडेय, राजकुमार निषाद, शोभित निषाद, रामखेलावन मांडले, चोखेलाल बांधे, जीवन कोसले, हीरालाल यादव, रामाधार साहू, मालिक राम साहू, एवं संचालनकर्ता कमल साहू श्रवण वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष

संविदा भर्ती : 20...

नहीं मिल पाने से उन्हें भटकना पड़ रहा है। संविदा शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल कुछ लोगों द्वारा कतिपय अधिकारियों पर अपने चहेते लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए साजिस रचने का आरोप भी लगाया जा रहा है।

शुरू से गड़बड़ी की शिकायत : नियमों के अनुसार इंटरव्यू में किसी भी अभ्यर्थी को 20 अंक से ज्यादा नहीं दिया जा सकता था। मगर दो अभ्यर्थी को इंटरव्यू में 22 और 23 अंक दे दिया गया था, जिस पर शिकायत करने पर उसे लिपकीय त्रुटी बताकर सुधार दिये जाने की बात कही गई थी। शिक्षा विभाग द्वारा इस भर्ती प्रक्रिया सहित चयनित उम्मीद्वार की सूची संबंधित वेब साईट में अपलोड किया गया। इसके बाद चयनित उम्मीद्वार लगातार ज्वाइंनिग आदेश के लिए विभाग का चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें मोबाइल पर सूचित करने तथा वेबसाइट पर जानकारी मिल जाने की बात कहकर लौटा दिया जाता रहा।

जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के बावजुद हल नहीं : चयनित अभ्यर्थी उमाशंकर साहू द्वारा 4 दिसंबर को जिलाधिश को आवेदन देकर अवगत कराने पर समस्या हल करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन 15 दिनों तक इंतजार करने के बावजुद ज्वाइनिंग आदेश नहीं मिल पाने पर मंगलवार 19 दिसंबर को पुनः जिलाधिश को आवेदन देकर निवेदन करने पर कहा गया कि प्रदेश में सरकार बदल गई है। अब सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के आधार पर निर्णय लिया जावेगा।

समय पर जानकारी ...

आदेश की प्रति एमडीवी स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक द्वारा प्रदान की गई उसमें 6 से 16 अक्टूबर तक सबंधित शाला में पहुंचकर ज्वाइन करना उल्लेखित था। जिस पर पुछे जाने पर उक्त ज्वाइनिंग आदेश की मूल प्रति वापस लेकर संसोधन के पश्चात देने की बात कहकर लौटा दिया गया, लेकिन उसके बाद उसे संसोधित आदेश की प्रति प्रदान नहीं की गई है।

जिले में निकाली ...

22 जनवरी को 11 बजे से 2 बजे से पिसीद, 2.30 बजे से सेल, 23 जनवरी को 11 बजे से सर्वा, 2.30 बजे से कटगी, 24 जनवरी को 11 बजे से गिरौद, 2.30 बजे से मटिया, 25 जनवरी को 11 बजे हसुवा, 2.30 बजे से बलौदा, 26 जनवरी को 11 बजे से कुम्हारी, 2.30 बजे पहंदा में आयोजित होगा।

बैठक में पटेल ...

का निपटारा, शासन के अधिकारियों के मैदानी भ्रमण में आवश्यक सहयोग सहित राज्य शासन के योजनाओं को फलीभूत करना, चुनाव कार्य, टीकाकरण, कैम्पों के आयोजनों में भागीदारी इन्हीं की रहती है। राज्य में लगभग 20619 ग्राम पटेल कार्यरत हैं। बैठक में राम जैन प्रदेश अध्यक्ष, कृष्णचरण पटेल प्रदेश प्रवक्ता एवं अध्यक्ष जिला बलौदाबाजार, शोभनाथ गुप्ता महा सचिव अम्बिकापुर, अनंतराम कश्यप बस्तर संम्भाग, धनीराम साहू भटगांव, मलेच्छराम पटेल सोनाखान अध्यक्ष, खगेन्द्र बंजारे बिलाईगढ़, रामफल कश्यप, कृष्ण कुमार साहू कोषाध्यक्ष टुण्डरा, अमृनाथ कश्यप एवं ईश्वर प्रसाद पटेल शिवरीनारायण, मोहन लाल गिलहरे अभनपुर, हेमंत कुर्रे छछांद पहरी, कैशराम पंकज नवापार, कृष्ण चंद पटेल मानदीप, नारायण पटेल हटौदबाजार, प्यालेलाल पटेल शक्ति चंदद्रभान नायक अध्यक्ष महासमुंद, आत्माराम चौधरी महासमुंद सहित सैकड़ों ग्राम पटेल शामिल हुए।

खबर संक्षेप

महुआ शराब जब्त

महासमुंद। शराब बिक्री के मामले में खल्लारी पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बोधीराम कमार पिता दुकालूराम (26 साल) निवासी धरमपुर रोड किनारे तालाब के पास शराब बेच रहा था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने 25000 एमएल महुआ शराब कीमत 5000 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

एक्सीडेंट में घायल युवक की मौत

महासमुंद। एक्सीडेंट होने से घायल युवक की तुमगांव अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अशोक आवड़े पिता जाहुस (30 साल) निवासी भोरिंग दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

शंकरपुर में जहर सेवन से युवक की मौत

महासमुंद। ग्राम शंकरपुर के एक युवक की जहर सेवन से मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि गांव के कमलेश भोई पिता मणीराम (22 साल) ने जहर सेवन कर लिया था। जिसे शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

गांजर में रामायण कार्यक्रम आज

नर्रा। ग्राम गांजर (बागबाहरा) में 20 दिसंबर बुधवार को संध्या 7 बजे से रामायण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें जय गुरुदेव मानस परिवार कुड़ेरादादर (जिला गरियाबंद) के कथावाचक कामता प्रसाद महाराज अपनी प्रस्तुति देंगे।

बैल चराने गए युवक पर भालू का हमला

पिथौरा। बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत हरदी बीट के कक्ष क्रमांक 163 में आज 19 दिसंबर मंगलवार को दोपहर के समय भालू ने एक व्यक्ति पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। वहीं, घायल को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बार में प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि रोहित कुमार ठाकुर उम्र 35 वर्ष ग्राम हरदी खेत के पास आबादी क्षेत्र में बैल चरा था। उसी दौरान जंगल की ओर से आये भालू ने अचानक रोहित पर हमला कर दिया। भालू के हमले से रोहित का बायां पैर बुरी तरह जख्म हो खून से लथपथ हो गया और जमीन पर गिर गया। इस वह जोर-जोर से बचाव-बचाव चिल्लाने लगा। तब वहां आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग बचाने के लिये रोहित की ओर चिल्लाते दौड़ पड़े। तब जाकर भालू गंभीर रूप से घायल कर जंगल की ओर भाग खड़ा हुआ। लोगों ने आनन-फानन में स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बार नवापारा लेकर आए तथा इसकी सूचना वन-विभाग को भी दिया गया। सूचना पर अस्पताल पहुंची वन रक्षक पूर्णिमा वर्मा ने घायल के पिता को एक हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी। वहीं डाक्टरों ने पीड़ित को प्राथमिक उपचार बाद गहरे घाव को देखते हुए हायर सेंटर के लिए अन्यत्र रिफर कर दिया।

शोभायात्रा : कार्यक्रम में हजारों की संख्या में शामिल हुए सामाजिक सदस्य

गुरु घासीदास की शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर नगर में प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु जय सतनाम के उद्घोष के साथ रैली में शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाये यात्रा में शामिल रही।। शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था, जिसमें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा का विधायक इंद्र साव, सुनील माहेश्वरी, सतीश अग्रवाल ने भी अपने समर्थकों के साथ जगह-जगह स्वागत किया। शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों, युवाओं और बड़े बुजुर्गों, माता-बहनों से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई दी।

रात्रिकालीन मिनिमाता भवन में सामाजिक कार्यक्रम व भोजन व्यवस्था समाज द्वारा रखी गई। भगतसिंह चौक में गोरेलाल बर्मन का युवाओं द्वारा कार्यक्रम रखा गया। शोभायात्रा के स्वागत अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशिष जायसवाल, महाबल बघेल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, सुखदेव यदु, सुनन्द मिश्रा, सूरज भोई, सतीश साहू, लुकु साहू, दसरथ साहू, संजय शुक्ला, आशीष टोडर, जितेंद्र क्षत्री, आयशा खान, मधु सोनी, सूर्यकांत योगी, जया शर्मा, मुकेश साहू, नारायण साहू, विजय यादव, पीयूष साहू, सलीम खान, सुरेंद्र डागोर, सुमित यदु, हारून, अविनाश शर्मा, लखन साहू, नीतू यादव, जीवन मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने शोभायात्रा का किया स्वागत

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र " मनखे मनखे एक समान" समाज में हर मनुष्य की समानता का संदेश देता है। गुरु घासीदास की जयंती पर इस साल भी 18 दिसंबर को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही, जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंचे। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ पंथीं, सन्ना ना नन्ना मोर लगना जैसे अनेक पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुन के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी, वहीं बच्चे और युवाओं की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे।

गुरु घासीदास जयंती पर पालो चढ़ाया गया

मुंडा। ग्राम मुंडा के आश्रित ग्राम ढ़नढ़नी में 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली। पंच नकुल रात्रे, शिवकुमार पूरेना द्वारा पालो चढ़ाया गया। गांव की महिलाएं एकत्रित होकर पूजा-अर्चना की। पूजा में शामिल मुंडा के सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा, पंच रामेश्वर, केदार वर्मा, अजय रात्रे, मुन्नालाल चतुर्वेदी, उमेंद्र रात्रे, कैलिस्टर रात्रे, घनश्याम चतुर्वेदी, छवि रमेश जोशी, दिनेश जोशी, घना जोशी, भोजराम डहरिया, भोकई गुरु, जीतू, रवि, गोविंद व ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

जयंती के पूर्व नगर में निकाली गई सतनाम शोभायात्रा

बलौदाबाजार। सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती समारोह के एक दिन पूर्व नगर में सतनाम समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान गुरु बाबा के मनखे-मनखे एक समान का संदेश गूंजयमान होता रहा। शोभा यात्रा में अध्यक्ष भागलाल कोसले, शत्रुहन बंजारे, नरेन्द्र बंजारे, नरोतम बघेल, देवेंद्र चतुर्वेदी, विजय बांधे, सुशील बंजारे, दीपक घृतलहरे, अशोक मांडले, राजेश कुर्रे, महेश घृतलहरे, बीएल दिवाकर, उमेना डहरिया, संजय जांगड़े, अशोक घृतलहरे, धनसाय गायकवाड़, दयानंद कोसले, दासी कोसले, केएल महिलांगे, कुमार भारद्वाज, मोहन सोनकर, गणेश बघेल, सहदेव जोशी आदि शामिल हुए।

अंचल में गुरु घासीदास जयंती धूमधाम से मनी

मुड़पार सरसीवां । हर वर्ष की भांति इस साल भी बाबा गुरु घासीदास की जयंती बडे ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम मुड़पार , तिहलीपाली,बिलासपुर,टाटा, मनपसार, कोसमाकुंडा,पंडरीपाली,सोहागपुर, सहित गांव गांव में बाबा की 265 वी जयंती मनाई जा रही है।सर्वप्रथम सफेद स्तंभ के पास बाबा के अनुवाई उपस्थित होकर ध्वज चढ़ाया गया और बाबा के तैल चित्र में माल्यार्पण कर दीप , अगरबत्ती जलाकर प्रार्थना की तथा नारियल,फल, मिस्ठान वितरण किया गया वहीं समारोह में पंथी नृत्य और गीत के सानिध्य में जयंती समारोह गांव गांव में हो रहा है।मुड़पार में हो रहे जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य दयाराम खुराना ने कहा की हम सबको बाबा गुरु घासीदास के बताए मार्ग व विचार में चलने कहा। उनके सत्य, मानवता, दया, करुणा, प्रेम, भाईचारा व समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संकल्प को दोहराया तथा समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को सर्वोच्च महत्व देते हुए सादगी पूर्ण जीवन जीने का संकल्प लिया।इस अवसर पर ग्राम के सरपंच पवन साहू,चक्रधर साहू,महादेव,तीरथ, डमरू खटकर, डगेश्वर खटकर,अमित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।आपको बता दें की मुड़पार में अभी बाबा गुरु घासीदास जी के तीन दिवसीय जयंती कार्यक्रम अनवरत जारी है।

धोबी समाज ने सामाजिक विकास में बनाया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महासचिव एवं कोषाध्यक्ष का लोकतांत्रिक चुनाव 19 दिसंबर 2021 को रविंद्र मंच कालीबाड़ी रायपुर में मुख्य चुनाव अधिकारी प्रेमप्रकाश बलभद्र द्वारा संपन्न कराया गया था। इसमें प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कनौजे, प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर निर्वाचित हुए थे। प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक ने प्रदेश पदाधिकारियों के 2 वर्ष के कार्यकाल को ऐतिहासिक कार्यकाल बताते हुए कहा कि दो साल में छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज ने बलौदाबाजार जिला में जिला स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय शपथ ग्रहण, बेमेतरा जिले के ग्राम हसदा में प्रदेश स्तरीय, संत गाडगे जयंती समारोह भिलाई तीन सिरसाकला में भव्य कार्यक्रम, खैरागढ़ कवर्धा सहित प्रत्येक जिलों में जिला अध्यक्ष का चुनाव व शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न होने के साथ–साथ विकास कार्यों को गति मिली है। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कनौजे ने सामाजिक विकास को गति दी है, जिसके चलते दो सालों में समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया हैं। वहीं धोबी समाज की एकता व संगठन की गूंज छत्तीसगढ़ कोने–कोने में गूंज रही है। इसके लिए समाज के प्रदेश संरक्षक झड़ीराम कनौजे, महेश निर्मलकर, भागबली निर्मलकर, नरेंद्र निर्मलकर, गोपाल दुर्गासी, प्रदेश महामंत्री नरेंद्र चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री ललित बुंदेला, संगठन सचिव वीरेंद्र निर्मलकर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम रजक सहित अन्य पदाधिकारी को बधाई दी है।

योगेश्वरी की बाल कहानी डंगरू चुरु का 14 भाषा में अनुवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्राथमिक शाला–डोटोपार में पदस्थ शिक्षिका योगेश्वरी साहू युवा कहानीकार का यू एस ए आई डी, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, रूम टू रीड इंडिया द्वारा चयनित कहानी डंगरू चुरु को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के बाल साहित्य सेमिनार 14 दिसंबर को प्रदर्शित किया गया। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन व रूम टू रीड द्वारा डंगरू चुरू कहानी का चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। इसे निकट भविष्य में छत्तीसगढ़ के सभी प्राथमिक शालाओं में भेजा जाएगा। योगेश्वरी छत्तीसगढ़ी लोककथाओं को पुनर्जीवित कर छोटे बच्चों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है।

योगेश्वरी पुरानी छत्तीसगढ़ी लोककथाओं को सहेजने का कार्य भी कर रही है। इस कहानी के चित्रों को चित्रकार सुभाष व्यास ने बनाया है। इस राज्य स्तरीय सेमिनार का मुख्य विषय बालसाहित्य में दृश्य चित्रों का महत्व था। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के मुख्य सभागार में इसका आयोजन रखा गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री डॉ. मोक्षदा ममता चंद्राकर, विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार प्रो. नीता गहरवाल, समग्र शिक्षा से एम सुधीश किलोल संपादन समूह के सदस्य टीसी जायसवाल, विश्वविद्यालय कला संकाय प्रोफेसर राजन यादव, एससीईआरटी से डेकेश्वर वर्मा, यूएसआईडी से शिखा जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

योगेश्वरी के नवाचार को छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की चर्चा पत्र में भी स्थान दिया जा चुका है। उनकी रचनाएं निरंतर प्रतिष्ठित पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती है।

इस उपलब्धि पर टीसी जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर देवांगन,डीएमसी मनीलाल ब्रम्हाणी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार जोशी, बीआरसी अविनाश तिवारी, गिंदोला संकुल प्राचार्य परमेश्वर सेन, समन्वयक भूपेंद्र साहू, प्रधान पाठक शेषनारायण तिवारी सहित सभी बधाई दी।

धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने सारंगढ़ विकासखंड के धान खरीदी केंद्र कोतरी और हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। डॉ. सिद्दीकी ने धान को छूकर धान की जानकारी ली। इसके साथ ही नमी मापक यंत्र से बोरों के धान की नमी जांच की। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के सहायक प्रबंधकों को कहा कि शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार धान खरीदी कार्य करें। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक व्यास नारायण साहू, अपेक्स बैंक के अधिकारी, खाद्य निरीक्षक, ईश्वर साहू सहित किसान उपस्थित थे।

सामाजिक कार्यों में सेवा देने वाले सदस्य हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

समीपस्थ ग्राम बिलासपुर के सतनामी समाज में निःस्वार्थ सेवा देने वालों को सम्मानित किया गया। ग्राम में सामाज और प्रेम दीप कुर्रे के सहयोग से गुरु घासी दास की जयंती मनाई गई, जहां शाम को मंगल चौका आरती के साथ राकेश डहरिया, दिव्या डहरिया, प्रेम दीप कुर्रे, सरिता कुर्रे, महेंद्र जांगड़े, संगीता जांगड़े द्वारा ध्वजा रोहन किया गया। इसके बाद रात्रि में संध्या भजन नरसिंह प्रसाद महिलाने व परमेश्वरी महंत मिरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए बिलासपुर सतनामी समाज के समस्त पदाधिकारी और सहयोगियों का सम्मान प्रेम दीप कुर्रे द्वारा शॉल और श्रीफल भेंट कर किया गया। इसमें अध्यक्ष नौधा राम सुमन, उप अध्यक्ष राकेश डहरिया, सचिव नरसिंह प्रसाद महिलाने, कोषाध्यक्ष अंजोर सिंह बंजारे, सहयोगी तपसी महिलाने, सूरज महिलाने, संजय महिलाने, संजय सुमन रहे। प्रेम दीप कुर्रे ने आभार व्यक्त करते हुए सामाजिक सदस्यों को शॉल और डायरी पेन से सम्मानित किया। इसके बाद पंथी नृत्य। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कैडेट मिशन कार्य को अपने व्यावहारिक जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

- मुसवाडीह में सात दिवसीय रासेयो शिविर का समापन

शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 11 से 17 दिसंबर तक ग्राम मुसुवाडीह में आयोजित हुआ। इसमें प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा शिविर की दैनिक दिनचर्या प्रभातफेरी, योगा, पीटी, परेड, देशी खेलकूद, बौद्धिक परिचर्चा सहित शिक्षाप्रद सांस्कृतिक नुक्कट नाटक आयोजित हुआ।शिविर के अंतिम दिवस समापन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच सुशीला वर्मा, अध्यक्षता डॉ. एके उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र कुमार खरे, शिक्षक दुर्गेश वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा, अंजलि सारथी, देवनाथ ध्रुव, कुंती ध्रुव, लक्ष्मी वर्मा रहे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि आशीष वर्मा ने कहा कि स्वयंसेवकों के रचनात्मक कार्य शैली से हमारे ग्राम को एक नया संदेश मिला है। स्वयंसेवक की प्रत्येक प्रेरणाश्रोत गतिविधियों ने हमारे सोए हुए इंद्रियों को जागृत करने का कार्य किया है। उन्होंने शिविर के जनजागरूक अभियान को आत्मसात करने की बात कही। तत्पश्चात उन्होंने समस्त स्वयंसेवकों को सेवा कार्य के लिए पुरस्कार वितरण किए और पंचायत की ओर से कार्यक्रम अधिकारी को प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य उपाध्याय ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा की, जिस मिशन को लेकर आप सभी यहां उपस्थित हुए है, उस कार्य को आप अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने का प्रयास कीजिए। इस कैंप से एक नई सिख लेकर छात्र अपने जीवन को सार्थक बनाए। कार्यक्रम अधिकारी बीरेंद्र कुमार खरे ने आभार प्रदर्शन करते हुए समस्त शिविरार्थियों को योजना की इकाई का प्राचार्य के हाथों प्रमाण पत्र वितरण किया। समापन अवसर पर अतिथि प्राध्यापक कंचन गिलहरे, हेमलता वर्मा, डेविड डहरिया, रूपलाल देवांगन, वरिष्ठ स्वयं सेवक पिंटू वर्मा, ऋषि साहू, महेश्वरी बंजारे, तनुश्री चंद्राकार, दीपक वर्मा, शिविर नायक टिकेश्वर साहू, शिविर नायिका आरती वर्मा, स्वयंसेवक गैंदराम धीवर, उर्वशी वर्मा, कौशल्या देविका वर्मा, अजय बंजारे, योगेश कनौजे सहित ग्रामवासी भारी संख्या में मौजूद थे।